आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 24.10.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे–विकसित भारत योजना की भी शुरूआत कीं
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जैसलमेर में सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था और सैन्य तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा कीं
- राज्य सरकार ने निम्बाहेड़ा–मंगलवाड़ सड़क के फोरलेन कार्य के लिए नाबार्ड से 260 करोड़ रूपये के ऋण को मंजूरी दीं
- मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ हिस्सों में रविवार से मौसम में बदलाव की संभावना जताईं

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन चुके हैं आज नई दिल्ली में आयोजित 17वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के दौरान श्री मोदी ने वीडियो संदेश में यह बात कहीं कार्यक्रम के दौरान रोजगार मेला पहल के अंतर्गत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त कर्मियों को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे गयें श्री मोदी ने कहा कि इन रोज़गार मेलों के माध्यम से ही 11 लाख से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत योजना' की भी शुरुआत कीं इसका लक्ष्य साढे तीन करोड़ युवाओं को रोज़गार प्रदान करना हैं श्री मोदी ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना भाजपा–एनडीए सरकार की प्राथमिकता हैं श्री मोदी ने इस बात पर बल दिया कि स्किल इंडिया मिशन जैसे अभियान युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करते हैं

.........................

देशभर में 40 स्थानों पर रोज़गार मेले आयोजित किये गयें प्रदेश में जयपुर और जोधपुर में रोजगार मेले सम्पन्न हुएं जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, सांसद मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहें इस अवसर पर, केंद्रीयकृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश के युवाओं को सिर्फ रोजगार नहीं दे रहे हैं, बल्कि उन्हें सशक्त भी बना रहे हैं

....................

उधर जोधपुर में रोज़गार मेले में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि अब भर्तियां पारदर्शिता के साथ हो रही हैं और मैरिट के आधार पर ही नियुक्तियां की जा रही हैं

.......................

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जैसलमेर प्रवास के दौरान आज विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में शिरकत कीं इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने सेना के वरिष्ठ

अधिकारियों के साथ देश की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था और सैन्य तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा कीं इस दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ सीडीएस जनरल अनिल चौहान भी सेना कमांडरों के सम्मेलन में उनके साथ शामिल रहें इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नमन केंद्र, सैनिक यात्री मित्र एप, और उपकरण हेल्पलाइन एप को लॉन्च कियां इस कॉन्फ्रेंस में देश की सीमाओं की वर्तमान स्थिति, सैन्य क्षेत्र में हो रहे तकनीकी बदलावों और आने वाले वर्षों में सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने की रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगीं इससे पहले आज सुबह रक्षा मंत्री ने जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर में पूजा–अर्चना कीं उन्होंने महादेव मंदिर और मन्शा माता मंदिर में दर्शन कियें उन्होंने 1965 के भारत–पाक युद्ध के दौरान मंदिर परिसर पर गिरे उन बमों को भी देखा जो फटने से रह गये थें

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी में चल रहे रेल विकास कार्यों की समीक्षा कीं श्री बिरला ने रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक कर कोटा और न्यू कोटा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा कीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समयसीमा में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएँ, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकें उन्होंने स्टेशन परिसर के बाहर के विकास के लिए कोटा विकास प्राधिकरण के साथ समन्वय बनाने को भी कहां इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष भामाशाह कृषि उपज मंडी में आयोजित मुहूर्त पूजा में शामिल हुएं इस दौरान, उन्होंने व्यापारियों और किसान बंधुओं से संवाद किया और उनके सुझाव जानें उन्होंने किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और हर परिवार को समृद्ध बनाने के साझा संकल्प पर जोर दियां

000

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा है कि देश में लागू हुए नये आपराधिक कानूनों के साथ न्याय प्रणाली में नई सोच और नई दिशा आई हैं पुलिस मुख्यालय में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन समारोह में श्री शर्मा ने कहा कि "यह दीपावली पुलिस संगठन के लिए एक नए युग की शुरुआत हैं" उन्होंने पुलिसिंग को संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाने पर जोर दियां डीजीपी ने कहा कि पुलिस की भूमिका केवल कानून–व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि हर नागरिक के मन में सुरक्षा और विश्वास की भावना जगाना हैं

.........................

000

राज्य सरकार ने निम्बाहेड़ा–मंगलवाड़ सड़क के फोरलेन कार्य के लिए नाबार्ड से 260 करोड़ रुपये के लोन को मंजूरी दी हैं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की बैठक में इसके साथ ही कम ब्याज दर के कारण 175 करोड़ रुपये के लोन को हुडको से नाबार्ड में शिफ्ट करने की भी स्वीकृति दीं उन्होंने अधिकारियों को इन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और समय पर प्रोजेक्ट पूरे करने के निर्देश दिएं

000

जैसलमेर–जोधपुर हाईवे पर थइयात गांव के पास हुए बस हादसे की एफएसएल रिपोर्ट में बस की छत पर लगे एयर कंडीशनर की वायरिंग से शॉर्ट सर्किट होने से बस में आग लगने की बात सामने आई हैं जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने बताया कि जोधपुर और जयपुर की विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं की संयुक्त जांच में यह सामने आया कि शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से बस के ऊपरी हिस्से में धुआं भर गयां

.......................

000

जोधपुर सेंट्रल जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम यानी एनएसए के तहत हिरासत में लिए गए एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के मामले में पक्ष जानने के लिए एडवाइजरी बोर्ड के तीन सदस्य जोधपुर सेंट्रल जेल पहुँचें एडवाइजरी बोर्ड के अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश एम.के. हुजूरा, जिला जज मनोज परिहार और सामाजिक कार्यकर्ता स्पल जयेश अंगमो जेल पहुंचें यह टीम वांगचुक की हिरासत के खिलाफ उनकी पत्नी गीतांजलि अंगमो द्वारा राज्य और केंद्र सरकार को सौंपे गए पत्र के बाद मामले की पड़ताल कर रही हैं एडवाइजरी बोर्ड अब पूरे मामले की समीक्षा करेगा और यह तय करेगा कि वांगचुक की हिरासत को जारी रखने के लिए पर्याप्त कानूनी आधार हैं या नहीं इस मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय कर रहा हैं

000

जीएसटी बचत उत्सव को लेकर भीलवाड़ा में आम उपभोक्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा हैं उपभोक्ताओं का कहना है कि सरकार के इस कदम से दीपावली के मौके पर लोगों को बड़े पैमाने पर लाभ मिला हैं एक उपभोक्ता दुर्गेश शर्मा ने बताया कि जीएसटी बचत उत्सव ने मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह दीपावली खुशियों भरी बना दीं उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं ने जमकर खरीदारी की और इस बचत का लाभ उठायां

..................

000

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि बहुपक्षवाद के लिए प्रतिबद्धता मज़बूत बनी रहनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र का समर्थन किया जाना चाहिएं संयुक्त राष्ट्र के 80 वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में स्मारक डाक टिकट जारी करते हुए डॉ. जयशंकर ने शांति और सुरक्षा के साथ–साथ विकास और प्रगति के आदर्शों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराईं उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से संयुक्त राष्ट्र और बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है और आगे भी रहेगां संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस के मौके पर विभिन्न ज़िलों में कार्यक्रम हुएं भरतपुर जिले में जिला मुख्यालय सहित सभी उपखंड मुख्यालयों के सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज भी फहराया गयांसंयुक्त राष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में, विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियों का आयोजन किया गयां इन संगोष्ठियों में विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, वैश्विक शांति, मानवाधिकारों के संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों और कार्यों के बारे में विस्तार से

जानकारी दींवक्ताओं ने संयुक्त राष्ट्र संघ के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जागरूकता और शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दियां

000

मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ हिस्सों में रविवार से मौसम में बदलाव की संभावना जताई हैं मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार दो अलग–अलग मौसमी तंत्रों के प्रभाव से उदयपुर और कोटा संभाग के कुछ हिस्सों में 26 से 28 अक्टूबर के दौरान मेघगर्जन के साथ बारिश होने की प्रबल संभावना हैं मौसम का सर्वाधिक असर 27 और 28 अक्टूबर को देखने को मिलेगा, जब इन भागों में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली और बादल गरजने के साथ मध्यम बारिश भी हो सकती हैं हालांकि, राज्य के शेष अधिकांश भागों में मौसम आगामी दिनों में शुष्क रहने और तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना हैं

000